1.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से यमुना में। शुक्रवार शाम तक इसके दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। दिल्ली सरकार के बाढ़ व सिंचाई नियंत्रण विभाग के अनुसार यहां यमुना में इस बार बाढ़ के आसार नहीं हैं।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
शुक्रवार 16 अगस्त 2019

मिलेगा तोहफा ▸ स्वतंत्रता दिवस के मौके पर छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने की घोषणा

29 अक्टूबर से डीटीसी बसों में महिलाओं का सफर मुफ्त

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की कि 29 अक्टूबर से डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिलाएं मुफ्त में सफर करेंगी। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की अपनी सभी बहनों के लिए मैं अपना फर्ज अदा कर रहा हूं। इससे बहनों की सुरक्षा बढ़ेगी। उनका सशक्तीकरण होगा। वे अपने सपने हासिल करने के लिए मजबूत बनेंगी।

केजरीवाल ने कहा कि हमने कुछ दिन पहले घोषणा की थी कि दिल्ली की सभी बसों में और मेट्रो में सभी महिलाओं के लिए यात्रा मुफ्त की जाएगी। आज मैं उसमें से पहली घोषणा करना चाहता हूं। 29 अक्टूबर को भाई दूज का दिन है। इस दिन से दिल्ली की सभी बसों- डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिलाओं के लिए सफर मुफ्त होगा। कुछ लोग इसका विरोध कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि केजरीवाल सब कुछ मुफ्त करते जा रहे हैं। ऐसे लोगों से कहना चाहता हूं कि मैं पैसे खा नहीं रहा। पैसों की चोरी करके स्विस बैंकों में जमा नहीं करा रहा। आपके ही टैक्स के पैसे जो कल तक चोरी हो जाया करते थे, उन्हें बचा कर दिल्ली के लोगों पर खर्च कर मुफ्त सेवाएं दे रहा हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर दिल्ली के बच्चे सरकारी स्कूलों में शिक्षा ले रहे हैं तो क्या वह गलत है। हम निजी स्कूलों के मुकाबले शानदार शिक्षा सरकारी स्कूलों में मुफ्त में दे रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के अंदर, पॉली क्लीनिक व अस्पतालों के अंदर अगर लोगों को फ्री दवाइयां, मुफ्त टेस्ट, मुफ्त ऑपरेशन कर रहे हैं, तो बताइए कि क्या गलत कर रहे हैं? क्या दिल्ली की जनता का मुफ्त में इलाज नहीं होना चाहिए? अगर हम लोगों ने पैसे बचाकर आपकी 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी, आपका पानी मुफ्त कर दिया तो बताइए कि क्या गलत किया? आज मंदी का दौर है। लोगों की तनख्वाह बढ़ नहीं रही है। कारोबार बंद हो रहे हैं, लेकिन खर्चे बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में आपका मुख्यमंत्री होने के नाते आपकी बिजली और पानी मुफ्त करके आपके जेब में तीन-चार हजार रुपये डाल देता हूं तो क्या गलत कर रहा हूं? मैंने कोई नया टैक्स नहीं लगाया। कुछ लोगों का कहना है कि केवल महिलाओं का टिकट मुफ्त क्यों किया जा रहा है। मैं ऐसे लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या हमारे देश में महिलाओं को बराबर का अधिकार मिलता है? नहीं मिलता। दिल्ली में जितने भी कामकाजी लोग हैं, उनमें से 11 फीसद महिलाएं हैं। आज दिल्ली की बसों में, मेट्रो में केवल 30 फीसद महिलाएं सफर करती हैं। हमारे प्रयास से महिलाओं को अपने सपने पूरे करने में बड़ी सहायता मिलेगी।के बेटियां, जिन्हें कॉलेज में एडमिशन मिल गया है, लेकिन कॉलेज घर से बहुत दूर है और वहां तक जाने में काफी पैसे खर्च करने पड़ते हैं, वे कॉलेज जा सकेंगी। जिनका स्कूल बहुत दूर है, आने-जाने के पैसे नहीं हैं तो घरवाले कहते थे कि रहने दो। ऐसी बेटियां स्कूल जा सकेंगी। ऐसे महिलाएं, जो काम करना चाहती हैं, लेकिन काम की जगह बहुत दूर है, आने-जाने के लिए पैसे नहीं हैं, अब ऐसी महिलाओं के सपने पूरे होंगे।

छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुफ्त सफर से महिलाओं का सशक्तीकरण होगा। जागरण

सरकारी स्कूलों में लागू होगा देशभक्ति-पाठ्यक्रम : अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। सरकारी स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर निजी स्कूलों से बेहतर हो गया है। नतीजे शानदार आने लगे हैं। गांधी जी ने कहा था कि शिक्षा के तीन लक्ष्य होने चाहिए- अच्छा इंसान बने, अपने परिवार के भरण-पोषण लायक बने, सच्चा देशभक्त बने। मुझे बेहद खुशी है कि हैप्पीनेस पाठ्यक्रम बच्चों को अच्छा इंसान बना रहा है। शिक्षा को लेकर गांधी जी के बताए गए दो लक्ष्यों पर हम काम कर रहे हैं। तीसरी बात पर अब काम करने का समय आ गया। अब सरकारी स्कूलों में देशभक्ति का पाठ्यक्रम लागू होगा। देश भर के लोगों से राय लेकर देशभक्ति-पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा। उम्मीद है कि अगले शैक्षणिक सत्र से इसे लागू कर दिया जाएगा।

सीसीटीवी लगने से महिलाओं को सुरक्षा की अनुभूति हो रही : मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के अंदर अपनी बहनों की सुरक्षा को लेकर मैं चिंतित रहता हूं। दिल्ली पुलिस हमारे अधीन नहीं है लेकिन हमारे अधिकार क्षेत्र में जो कुछ भी आता है, हम उसे पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। पूरी दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लग रहे हैं। जहां-जहां सीसीटीवी कैमरे लग रहे हैं, वहां-वहां से खासतौर पर महिलाएं मुझसे मिलने आ रही हैं। वे बहुत खुश हैं। उन्हें अब सुरक्षा की अनुभूति हो रही है। वे जब घर से बाहर निकल रही हैं तो सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

मैं आप में से एक हूं, यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है : अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पांच साल पहले आप लोगों ने हमें चुनकर हमारी सरकारी बनाई। मेरे जैसे आम आदमी को दिल्ली की इतनी बड़ी जिम्मेदारी दे दी। दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। यह केवल बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान की वजह से हुआ कि एक आम आदमी भी इतनी बड़ी कुर्सी पर बैठ सकता है। मैं आप में से एक हूं, यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं किसी राजनीतिक व किसी रईस परिवार से नहीं आता। मैं आम आदमी हूं। यही कारण है कि आपकी समस्याओं को समझ पाता हूं।

महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा पर भाजपा ने उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में महिलाओं की मुफ्त यात्रा की घोषणा पर भाजपा ने सवाल उठाए हैं। उसका कहना है कि बसों की कमी दूर किए बगैर इस तरह की घोषणा का कोई औचित्य नहीं है। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए दिल्ली के भविष्य को दरकिनार कर रहे हैं। वह केवल लोक-लुभावने वादे कर दिल्ली को बर्बाद करने पर तुले हैं। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को मजबूत करने में असफल रहने के बाद मुफ्त यात्रा की घोषणा से लोगों को गुमराह कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्था बना तरक्की के नए आयाम रचने की बात कर रहे हैं। दूसरी तरफ देश की राजधानी का विकास करने में असफल रहे मुख्यमंत्री राजनीतिक जमीन बचाने के लिए मुफ्त योजनाओं के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री महिलाओं के लिए डीटीसी बसों में मुफ्त सफर की घोषणा तो कर रहे हैं, लेकिन बसों की कमी दूर करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। साढ़े चार साल पहले जब केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे, उस समय डीटीसी के बेड़े में पांच हजार बसें थीं जो कि अब कम होकर 3800 रह गई हैं। इनमें से भी अधिकांश जर्जर स्थिति में हैं। लोग बस के इंतजार में बस स्टॉप खड़े रहते हैं। यदि बस आती है तो उसमें भी इतनी भीड़ होती है कि महिलाएं सवार नहीं हो पाती हैं। जब बसें ही नहीं हैं तो फिर मुफ्त सफर की घोषणा का फायदा किसे होगा। जनता यह समझ रही है कि चुनावी फायदे के लिए इस तरह की घोषणाएं की जा रही हैं। मतदाता अब मुख्यमंत्री के बहकावे में नहीं आएंगे।

शाहबेरी मामले में बीस बिल्डरों के खिलाफ फिर दर्ज हुई एफआइआर

जासं, ग्रेटर नोएडा : शाहबेरी के खरीदारों के हंगामे की गूंज जैसे-जैसे तेज होती जा रही है उप्र के मुख्यमंत्री की नाराजगी बढ़ती जा रही है। मामले में जिला प्रशासन के लापरवाह रवैये पर मुख्यमंत्री ने एक बार फिर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बिल्डरों पर कार्रवाई के मामले में अधिकारी रिश्तेदारी न निभाएं। शासन के आदेश के बाद बिसरख पुलिस ने बीते तीन अगस्त को दर्ज किए गए 27 बिल्डरों के मुकदमे में बदलाव किया है। पहले इन बिल्डरों के नाम एक ही एफआइआर में दर्ज किए गए थे। बदलाव करते हुए अब हर बिल्डर की अलग-अलग एफआइआर हुई है। बिसरख पुलिस ने अब 20 मुकदमे दर्ज किए हैं। साथ ही दबिश देकर एक बिल्डर को गिरफ्तार भी किया है। दबाव के बाद अन्य बिल्डरों की गिरफ्तारी व उनके खिलाफ रासुका की कार्रवाई को लेकर पुलिस-प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं।

शाहबेरी गांव में प्राधिकरण ने 2009 में 155 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया था। किसानों ने अधिग्रहण को कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने 2010 में अधिग्रहण रद कर दिया था। खेती करने की बजाय किसानों ने बिल्डरों को जमीन बेचनी शुरू कर दी थी। बिल्डरों ने नियमों के विरुद्ध अधिसूचित क्षेत्र में फ्लैट बना दिए। इसके लिए किसी भी विभाग से अनुमति नहीं ली। लोगों को झांसे में लेकर फ्लैट बेच दिए। मिलीभगत करके बैंकों से लोन करा दिया। पिछले वर्ष 17 जुलाई को शाहबेरी में छह-छह मंजिला दो इमारतें जमींदोज हो गई थीं। घटना में नौ लोगों की मौत हो गई थी।

न्यूज गैलरी

आज तेज हवा के साथ झमाझम बारिश देगी उमस से राहत

नई दिल्ली : उमस भरी गर्मी झेल रहे दिल्लीवासियों को शुक्रवार को खासी राहत मिलने की संभावना है। तेज हवा के साथ होने वाली झमाझम बारिश से तापमान में गिरावट आएगी और उमस से राहत मिलेगी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि राहत का यह दौर अभी सप्ताह भर तक जारी रहेगा। इस बीच गुरुवार को सुबह कहीं हल्की तो कहीं झमाझम बारिश हुई। इस बारिश ने गर्मी से कुछ ही देर राहत दी। बाद में धूप निकल आई और उमस फिर से बढ़ गई। अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.8 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश सुबह साढ़े आठ बजे तक 10.8 मिमी रिकार्ड की गई। सर्वाधिक बारिश पालम में 48.0 मिमी हुई। (जासं)

एयरपोर्ट पर सीआइएसएफ के जवानों ने दिखाया दमखम

नई दिल्ली : आइजीआइ एयरपोर्ट पर स्वतंत्रता दिवस उल्लास पूर्वक मनाया गया। टर्मिनल-3 पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डायल के सीईओ विदेह जयपुरियार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर एयरपोर्ट यूनिट में तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के जवानों ने हथियार के साथ दक्षता का प्रदर्शन किया। डॉग शो आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान विदेह जयपुरियार ने अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया। झंडोत्तोलन कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह नौ बजे हुआ। इसमें सीआइएसएफ के जवानों ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) कमांडो ने चिंतनशील शूटिंग की और जवानों ने सुरक्षा से जुड़े अन्य अभ्यास किए। डॉग शो के दौरान तरह-तरह के प्रदर्शन किए गए। एयरपोर्ट पर डीएटीएस भवन में भी झंडोत्तोलन समारोह हुआ। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के चेयरमैन अनुज अग्रवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। (जासं)

मिलिंद ने लगाई दौड़, दिया महिलाओं को स्वास्थ्य संदेश

नई दिल्ली : 15 अगस्त पर पारंपरिक परिधानों में पिंकडिपेंडेंस डे रन का आयोजन किया गया। 150 से अधिक महिलाओं ने तीन किमी की दौड़ में हिस्सा लिया। इसकी शुरुआत सुबह सात बजे लोधी गार्डन से हुई। अभिनेता मिलिंद सोमन ने हरी झंडी दिखाकर रन को रवाना किया। साथ ही वह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कुल 73 किलोमीटर तक दौड़े और सभी महिलाओं को स्वास्थ्य एवं फिटनेस का संदेश दिया। मिलिंद ने मुरथल पर दौड़ समाप्त की। (जासं)

कश्मीर मुद्दे का जनता के बीच प्रचार पर भाजपा का रहेगा जोर

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

सदस्यता अभियान के अंतिम चरण को सफल बनाने में भाजपा नेता जी जान से जुट गए हैं। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें पार्टी के विभिन्न विभागों, प्रकल्पों व प्रकोष्ठों के प्रभारी, सह-प्रभारी, प्रमुख व सह-प्रमुख शामिल हुए। उन्हें बूथ स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने व ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी में शामिल करने को कहा गया। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के मुद्दे को भी जनता के बीच प्रचारित किया जाएगा।

भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने कहा कि दिल्ली के कार्यकर्ताओं की मेहनत व लगन से संगठन पर्व सदस्यता अभियान अपनी मुकाम की ओर आगे बढ़ रहा है। सदस्यता अभियान की तिथि 11 अगस्त से बढ़ाकर 20 अगस्त कर दी गई है। समापन तिथि के बढ़ने से हम सभी की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। हमें और अधिक संख्या में लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए काम करना है। इस बात का विशेष ध्यान रखते हुए क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ानी होगी। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने का निर्णय ऐतिहासिक है जिसके बारे में लोगों को बताकर उन्हें भाजपा के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित करना है।

प्रदेश महामंत्री व सदस्यता अभियान प्रमुख कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि दिल्ली के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए गंभीरता से काम कर रहे हैं। कार्यकर्ता की मेहनत व लगन का परिणाम है कि रिकॉर्ड संख्या में दिल्ली के लोग भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग खुद भाजपा से जुड़ने के लिए संपर्क कर रहे हैं। सत्ता में बैठी आम आदमी पार्टी की सरकार से दिल्ली की जनता परेशान है क्योंकि 54 महीने में इसने कोई भी चुनावी वादा पूरा नहीं किया है। दिल्लीवासियों की उम्मीदें भाजपा के साथ जुड़ी हैं। इस स्थिति में हमें लोगों को पार्टी से जोड़ने के लिए उनके बीच जाना होगा।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने के लिए संघर्ष करने वालों की जिंदगी बीत गई, लेकिन कांग्रेस की सरकारों तक उनकी आवाज नहीं पहुंची।

यूनिटेक बिल्डर को ब्याज समेत लौटाने होंगे साढ़े 33 लाख रुपये

जासं, नई दिल्ली : उपभोक्ता आयोग ने यूनिटेक बिल्डर के खिलाफ दर्ज एक मामले में आदेश दिया है कि बिल्डर उपभोक्ता को ब्याज सहित 33 लाख रुपये लौटाए। नई दिल्ली के कमला नगर निवासी सुरहिद भंडारी ने यूनिटेक लिमिटेड के एक हाउसिंग प्रोजेक्ट में जनवरी 2012 में फ्लैट बुक किया था। फ्लैट की कुल कीमत करीब 78 लाख रुपये तय हुई थी।

उपभोक्ता ने अलग-अलग समय पर बिल्डर को 33 लाख 59 हजार रुपये चुका दिए। अनुबंध के मुताबिक मार्च 2015 में फ्लैट का कब्जा मिलना था, लेकिन बिल्डर ने प्रोजेक्ट की स्थिति के बारे में जवाब देना ही बंद कर दिया। पत्राचार करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। आयोग ने कहा कि सात साल गुजर गए और निर्माण पूरा नहीं हुआ। निकट भविष्य में भी निर्माण पूरा होने जैसे हालात नजर नहीं आते। लिहाजा उपभोक्ता को उसकी मेहनत से कमाया पैसा ब्याज के साथ वापस मिलना चाहिए। आयोग ने बिल्डर को आदेश दिया है कि 33 लाख 59 हजार रुपये 10 फीसद वार्षिक ब्याज के साथ लौटाए जाएं। आयोग ने कहा है कि 45 दिन में आदेश की पालन किया जाए।

पतंग की डोर ने डेढ़ घंटे तक थामी मेट्रो की रफ्तार

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

पतंग की डोर ने गुरुवार को ब्लू लाइन पर मेट्रो ट्रेन की रफ्तार रोक दी। दरअसल, चाइनीज मांझा फंसने के कारण मेट्रो के ओएचई (ओवर हेड इक्यूपमेंट) में खराबी आ गई और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। इससे दोपहर में ब्लू लाइन पर करीब डेढ़ घंटा मेट्रो का परिचालन प्रभावित रहा। ओएचई में यह खराबी दोपहर दो बजे सुभाष नगर से राजौरी गार्डन के बीच आई। इस वजह से द्वारका सेक्टर 21 से नोएडा व वैशाली जाने वाली मेट्रो ट्रेनें रुक गईं। यात्री मेट्रो के अंदर व स्टेशनों पर काफी देर तक फंसे रहे। बाद में तीन लूप में मेट्रो का परिचालन शुरू किया गया। यात्रियों ने दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के सोशल नेटवर्क के हैंडल पर ट्वीट कर रोष जाहिर किया।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से ब्लू लाइन पर मेट्रो का परिचालन प्रभावित हुआ। मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ लग गई। इससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। एएनआइ

सिंगल लाइन पर हुआ परिचालन : ब्लू लाइन दिल्ली मेट्रो का सबसे व्यस्त कॉरिडोर है। दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) का कहना है परिस्थिति को देखते हुए ब्लू लाइन पर तीन हिस्सों में परिचालन किया गया। इसके तहत जनकपुरी पश्चिम से कीर्ति नगर के बीच सिंगल लाइन पर परिचालन हुआ। इस दौरान दोनों तरफ से मेट्रो ट्रेनें रोक-रोककर एक ही ट्रैक से निकाली जा रही थीं। इस वजह से जनकपुरी से कीर्ति नगर के बीच परिचालन काफी हद तक ठप था क्योंकि 15-20 मिनट के अंतराल पर मेट्रो उपलब्ध हो पा रही थी। इस वजह से जनकपुरी पश्चिम, सुभाष नगर, राजौरी गार्डन, कीर्ति नगर, द्वारका के कई स्टेशनों पर भीड़ एकत्रित हो गई। डीएमआरसी का कहना है कि कीर्ति नगर से नोएडा के बीच परिचालन सामान्य रहा, लेकिन नोएडा व वैशाली से द्वारका की तरफ जाने वाली ज्यादातर मेट्रो ट्रेनें कीर्ति नगर से ही वापस लौट रही थीं। इसी तरह द्वारका सेक्टर 21 से चलने वाली ज्यादातर मेट्रो जनकपुरी पश्चिम से वापस लौट रही थीं।

डीएमआरसी का कहना है कि कई जगहों पर ओएचई में चाइनीज मांझे फंसे हुए थे। कर्मचारियों ने मैनुअली जांच कर एक-एक जगह से पतंग की डोर को निकाला। दरअसल, चाइनीज मांझे में धातु का इस्तेमाल होता है। इस वजह से यह विद्युत का वाहक है। ओएचई में मांझा फंसने पर बिजली ट्रिप हो गई। दोपहर 3:15 बजे सभी जगहों से पतंग की डोर को निकाला जा सका। इसके बाद करीब साढ़े तीन बजे मेट्रो का परिचालन सामान्य हो पाया।

आजादी के जश्न में खूब हुई पतंगबाजी

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुरुवार को पूरी दिल्ली देशभक्ति के रंग में डूबी हुई दिखी। जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पूरे दिन पतंगबाजी का दौर भी जारी रहा। राजपथ के लॉन में भी लोगों ने खूब पतंगें उड़ाईं। संजय

गलत लेन में टैक्सी ले जाने से रोका तो कर दी पिटाई

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : आइजीआइ के टर्मिनल-1 पर एक कर्मचारी ने काली-पीली टैक्सी चालक को गलत लेन में जाने से रोका तो उसने कर्मचारी की रॉड से पिटाई कर दी। उसने वहां बने बूथ को भी तोड़ दिया। सुरक्षाकर्मियों को चकमा देते हुए आरोपित मौके से फरार हो गया। एयरपोर्ट थाने में इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

राजनगर पार्ट वन निवासी पीड़ित विनोद कुमार एयरपोर्ट पार्किंग में कस्टमर सर्विस एसोसिएट हैं। मंगलवार की रात उनकी तैनाती टर्मिनल-1 पर थी। रात करीब दो बजे उन्होंने पाया कि एक काली-पीली टैक्सी चालक अपनी लेन में न जाकर कार्मशियल वाहनों के लिए बनी लेन में जाने की कोशिश कर रहा है। विनोद ने उसे रोका। चालक गलत लेन में प्रवेश कर प्लास्टिक के बैरिकेड में टक्कर मारते हुए टैक्सी को भगाने लगा। पीड़ित द्वारा रोकने की कोशिश के दौरान टैक्सी के एक दरवाजे का शीशा टूट गया। इससे नाराज राज कुमार ने टैक्सी से रॉड निकाल उससे विनोद पर हमला कर दिया। इसमें पीड़ित की पीठ, हाथ और पैर पर चोटें आई हैं। चालक ने बूथ में लगा शीशा भी तोड़ दिया। विनोद पीसीआर को कॉल करने लगे तो आरोपित टैक्सी लेकर फरार हो गया। पीड़ित को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें उपचार के छुट्टी दे दी गई।

डीसीपी आत्महत्या मामले में आरोपित इंस्पेक्टर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद

- एसीपी क्राइम के नेतृत्व में एसआइटी गठित
- दूसरा आरोपित सतीश मलिक गिरफ्तार, पुलिस कर रही तलाश

डीसीपी विक्रम कपूर की आत्महत्या मामले की विस्तृत जांच के लिए पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने एसीपी क्राइम अनिल कुमार के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया है। इसमें इंस्पेक्टर विमल सहित चार लोग हैं। वह भूपानी थाने में प्रभारी के तौर पर तैनात थे। हिरासत में लिए गए आरोपित इंस्पेक्टर अब्दुल सईद को पुलिस ने गुरुवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया। एसआइटी शुक्रवार को उसे अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। इस मामले में दूसरे आरोपित सतीश मलिक की अभी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

बता दें कि बुधवार सुबह डीसीपी एनआइटी आइपीएस विक्रम कपूर ने अपने सरकारी आवास पर सर्विस पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया था। इसमें उन्होंने इंस्पेक्टर अब्दुल सईद द्वारा ब्लैकमेल किए जाने की बात लिखी थी। डीसीपी विक्रम कपूर के बेटे अर्जुन ने अब्दुल सईद व सतीश मलिक द्वारा पिता को ब्लैकमेल किए जाने की शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। बुधवार देर शाम खेड़ी पुल के शमशान घाट में डीसीपी का अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले सेक्टर-30 पुलिस लाइन में गारद ने उन्हें सलामी दी। गुरुवार को डीजीपी मनोज यादव डीसीपी विक्रम कपूर के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और मामले में उचित कार्रवाई का भरोसा भी दिया। उन्होंने कहा कि दोषियों को सख्त सजा दिलाई जाएगी।

अब तक पुलिस नहीं लगा सकी ठोस कारण का पता

जागरण संवाददाता, फरीदाबाद

डीसीपी विक्रम कपूर द्वारा गोली मारकर आत्महत्या का कोई ठोस कारण अभी जांच टीम नहीं तलाश पाई है। जांच के लिए एसआइटी का गठन किया गया है, जो आरोपित इंस्पेक्टर अब्दुल सईद से पूछताछ में जुटी है। लंबे कार्यकाल के चलते आरोपित इंस्पेक्टर पुलिस की कार्यशैली से भलीभांति परिचित है। ऐसे में वह जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। इससे मामले की तह तक पहुंचने में टीम को देरी लग रही है।

पुलिस टीम आरोपित इंस्पेक्टर से जो सवाल पूछ रही है, उन पर वह चुप्पी साध लेता है या बात को घुमा फिराकर जवाब दे रहा है। जांच टीम आरोपित इंस्पेक्टर से वह वजह जानने की कोशिश कर रही है, जिससे डीसीपी इतने अधिक दबाव में आ गए कि उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी। इस मामले में ब्लैकमेल कर मोटी रकम मांगे जाने की बात सामने आई है। वहीं एक महिला के भी इस मामले में शामिल होने की जानकारी आई है। इसके अलावा आरोपित इंस्पेक्टर द्वारा अपने एक रिश्तेदार का मुकदमे में से नाम निकालने के लिए दबाव बनाने की भी बातें सामने आई हैं। पुलिस इन सभी एंगल पर आरोपित इंस्पेक्टर से पूछताछ कर रही है। तह तक पहुंचने के लिए पुलिस टीम डीसीपी व आरोपित इंस्पेक्टर के मोबाइल भी खंगाला रही है। मामला आइपीएस की आत्महत्या से जुड़ा होने के कारण विभाग के आला अधिकारियों की भी इस पर पैनी नजर है। यही वजह है कि जांच टीम हरेक एंगल पर बारीकी से काम कर रही है।

> आरोपित इंस्पेक्टर अब्दुल सईद को निलंबित कर दिया गया है। उसकी जगह भूपानी थाने में जल्द ही नए प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। मामला भी जल्द ही सुलझा लिया जाएगा।
>
> **-सूबे सिंह, पुलिस प्रवक्ता**

योजना

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन करेंगे निर्माण कार्य का शुभारंभ, 550 बेड का सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक भी बनेगा

अटल के नाम पर मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ आज

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को आरएमएल अस्पताल में उनके नाम पर मेडिकल कॉलेज का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही आरएमएल अस्पताल में करीब 550 बेड का सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक भी बनेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान व सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के निर्माण कार्य का शुभारंभ करेंगे।

उल्लेखनीय है कि आरएमएल अस्पताल में पहले एमबीबीएस का मेडिकल कॉलेज नहीं था। मौजूदा सत्र से इस अस्पताल में एमबीबीएस का मेडिकल कॉलेज शुरू किया गया है, जिसमें सौ सीटें निर्धारित की गई हैं। यह दिल्ली का 10वां मेडिकल कॉलेज है, जहां एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की गई है। यह मेडिकल कॉलेज अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान के नाम से जाना जाएगा। आरएमएल अस्पताल में मेडिकल कॉलेज शुरू करने व सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के निर्माण की योजना स्वास्थ्य मंत्रालय की सौ दिन की प्रमुखता सूची में शामिल थी।

सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक दो साल में होगा तैयार : आरएमएल अस्पताल में 1469 बेड उपलब्ध हैं। मरीजों की भीड़ के लिहाज से यह दिल्ली में एम्स व सफदरजंग अस्पताल के बाद तीसरा सबसे व्यस्त अस्पताल है, जहां प्रतिदिन ओपीडी में करीब 8500 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसलिए अस्पताल में मरीजों की तुलना में सुविधाएं कम पड़ रही हैं। लिहाजा लंबे समय से अस्पताल के विस्तार की जरूरत महसूस की जा रही है। इसके मद्देनजर सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। इसमें करीब 550 बेड, 20 ऑपरेशन थियेटर व तीन कैथ लैब की सुविधा होगी।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग इसका निर्माण कराएगा और दो साल में यह बनकर तैयार होगा। इसमें किडनी, किडनी प्रत्यारोपण, यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, कैंसर सर्जरी सहित कई सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं होंगी। इसका निर्माण होने से गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को इलाज का बेहतर विकल्प मिल पाएगा।

एम्स में नए ओपीडी ब्लॉक में अगले माह से शुरू होगा इलाज

राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली : एम्स, सफदरजंग, आरएमएल सहित तमाम अस्पतालों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हुआ। एम्स में ध्वजारोहण के बाद संस्थान के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने चिकित्सा व शोध सुविधाओं में विस्तार की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एम्स में अगले माह मस्जिद मोठ के नजदीक बने नए ओपीडी ब्लॉक में मरीजों का इलाज शुरू होगा। इसके अलावा एम्स ट्रॉमा सेंटर में करीब 100 बेड का बर्न सेंटर भी बनाया गया है, जिसके फिनिशिंग का काम चल रहा है। इसमें भी जल्द मरीजों का इलाज शुरू होगा। इससे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। एम्स के मुख्य अस्पताल व सभी सेंटरों को मिलाकर प्रतिदिन ओपीडी में करीब 13 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसमें से अकेले मुख्य अस्पताल की ओपीडी में करीब नौ हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इस वजह से ओपीडी में जगह कम पड़ रही है। इसके अलावा सर्जरी के लिए भी मरीजों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। यही वजह है कि एम्स में ओपीडी ब्लॉक, सर्जरी ब्लॉक, मातृ व शिशु ब्लॉक व बर्न सेंटर बनाया गया है। एम्स प्रशासन ने नवनिर्मित ओपीडी को पहले शुरू करने की योजना बनाई है। इसके तहत एम्स के मुख्य अस्पताल की ओपीडी नए ओपीडी ब्लॉक में स्थानांतरित की जाएगी। इसलिए पुरानी ओपीडी की जगह खाली हो जाएगी। नए ओपीडी ब्लॉक के लिए नौ मंजिला भवन बनाया गया है, जिसमें 570 नए कमरे होंगे। हर मंजिल पर करीब 500 लोगों के बैठने की सुविधा होगी। इस ओपीडी ब्लॉक में एक माइनर ऑपरेशन थियेटर भी होगा। एम्स ने इस ओपीडी ब्लॉक को अगस्त में ही शुरू करने की योजना बनाई थी, लेकिन अब अगले माह से इस